तेरा नाम लेते लेते जिंदगी चल रही है

साई मेरे साई
तेरा नाम लेते लेते जिंदगी चल रही है,
तुझसे मिलने की ख्वाइश मेरे दिल में चल रही है,
तेरी रेहमत बरस रही है मेरी नाव चल रही है,
तेरा नाम लेते लेते जिंदगी चल रही है,

तेरे सिवा मेरे बाबा जी कोई अपना बनाया न,
हो सके बिन तेरे पूरा ऐसा सपना सजया न,
तेरी किरपा से ही साई ये मुसीबत टल रही है,
तेरा नाम लेते लेते जिंदगी चल रही है,

सारे जग में बाबा ने दिया इरादा नेक है,
बताया जन जन को साई ने सब का मालिक इक है,
तेरी और मेरे बाबा धड़कन मचल रही है,
तेरा नाम लेते लेते जिंदगी चल रही है,

इक दिन साई ने मुझको सपने में बताया है,
क्यों गबराये साहिल चरणों में तुझे बिठाया है,
मेरे दुःख की थी जो घड़ियाँ खुशियों में बदल रही है,
तेरा नाम लेते लेते जिंदगी चल रही है,

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/12900/title/tera-nam-lete-lete-jindgi-chal-rahi-hai

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |